हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, मंगलवार 5 मार्च 2024

11 20 माह में ही दम तोड़ गई सिनेमा रोड की सड़क



12 37 अवैध कब्जों पर चला बुल्डोजर नहीं काम आई 'नेताजी' से जनदीकी




सफलता की ओर बढ़ते कदम... Believe in Result not in Words...

## आपके बच्चों के लिए एक बेहतर विकल्प...

**OASIS International School, Narnaul**
Contact No. : 8570852875, 8570852874, 8570852871
An English medium school | Affiliated to CBSE, Aff. No. 531555

**AISHLY Public School, Ateli Mandi**
In the service of humanity
Affiliated to CBSE, Aff. No. 530519
Contact No. : 8278911900, 8278911905, 8570852875

### Highest Score

| Exam | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10th | 95% | 97.8% | 96.6% | 98.8% | 96.8% | 96% |
| 12th | 95.4% | 96% | 97.8% | 99.2% | 95.2% | 96.4% |
| NEET | 640 (AIR-253) | 631 | 660 | 670 | 655 | 655 |
| JEE (Main) | 208 | 99.8 Percentile | 99.8 Percentile | 99.8% Percentile | 98.8 Percentile | 98.84 Percentile |
| JEE (Advance) | 158 (AIR-652) | AIR-255 (EWS) | AIR-2144 | AIR 2208 | AIR 1520 | AIR 2398 |

### ऐतिहासिक परिणाम (2017-2024)
- Distt. Science Topper - 12th (2017-18) & (2019-20)
- 4th Position State Science Quiz Competition (2018-19)
- 1st Position Distt. Science Quiz Competition (2018-19)
- 3rd Position Distt. Science Quiz Competition (2017-18)
- 12th Non-Medical Narnaul Block Topper (2017-18)
- NEET Distt. Topper (2017-18)
- Inspire Award 2018-19

### NDA Selection | CLAT Qualifiers (Qualifier 2022-23 | Qualifier 2023-24) | CA Foundation (Qualifier 2022-23 | Qualifier 2023-24)
Ashmit S/o Sh. Rakesh; Bhupesh S/o Sh. Ajit; Krish S/o Sh. Raj Kumar; Jitesh; Diwanshi D/o Sh. Sunil Kr.; Karishma D/o Sh. Deshbandhu; Prashant S/o Sh. Rajaram

### REQUIREMENT (AISHLY SCHOOL)
TGT: Maths, Science, English
PRT: Science, English, Hindi, Computer, SST
on 10th March 2024 or any working day at Ateli Campus from 10:00 AM to 01:00 PM

### ADMISSION CUM SCHOLARSHIP TEST
17 & 31 March 2024 (Sunday)
Time: 10:00 AM to 01:00 PM
Scan code for Registration
School Buses will be Available on all routes

### JEE (IIT) ADVANCE QUALIFIERS 2023
Aditya Soni S/o Sh. Sanjay AIR - 2584; Anjali D/o Sh. Pawan AIR - 2398; Yash S/o Sh. Karamveer AIR - 2905

### JEE (IIT) MAINS QUALIFIERS 2024
Devdarshan S/o Sh. Pawan (99.73 %tile); Aman Prabhu S/o Sh. Sunil Kr. (99.29 %tile); Tanuj S/o Sh. Raj Singh (98.78 %tile); Piyush S/o Sh. Parvinder (98.38 %tile); Himanshu S/o Sh. Balwan (97.27 %tile); Keshav S/o Sh. Ashok (96.27 %tile); Prince S/o Sh. Vikram (93.59 %tile); Manu S/o Sh. Ramkishan; Hitansh S/o Sh. Naresh; Dikshant S/o Sh. Shishpal

### NEET Selections 2023
655 Sahil S/o Sh. RamNiwas; 651 Tanuj S/o Sh. Mukesh; 640 Gourav S/o Sh. Mukesh; 635 Himani D/o Sh. Devender; 623 Ashish S/o Sh. Sanwat Singh; 606 Manuj S/o Sh. Anil Kumar; 630 Bhumika D/o Sh. Rakesh; 596 Sumit S/o Sh. Dilbagh; 582 Muskan S/o Sh. Rakesh; 560 Muskan D/o Sh. Amit; 555 Ashima D/o Sh. Parvinder; 551 Sneha D/o Sh. Narender; 550 Pravesh S/o Sh. Ramesh

KVPY Level - II 03 | NEET Selected 13 | IIT-JEE Mains 23 | IIT-JEE Advance 03 | CA Qualifiers 02 | NDA Qualifiers 03 | NEST Qualifiers 01 | Olympiad Level - II 118 | CLAT 02

### CLASS 12TH ABOVE 90%
96.4% Amisha D/o Sh. Manoj Vill. Kultajpur; 95.2% Gaurav S/o Sh. Mukesh Vill. Shimla; 94.8% Tanvi D/o Sh. Narender Vill. Narnaul; 94.4% Sahil Gora S/o Sh. Subhash Vill. Hasanpur; 94.4% Himani Kaushik D/o Sh. Praveen Vill. Salimpur; 92.8% Shubham S/o Sh. Suresh Vill. Tehla; 92.4% Amit S/o Sh. Sunder Vill. N.Pipa; 92.2% Bhavya S/o Sh. Surender Vill. Narnaul; 91.8% Kartik S/o Sh. Ravinder Vill. Narnaul; 91.4% Anjali D/o Sh. Pawan Vill. Narnaul; 91% Aayush S/o Sh. Amod Vill. Narnaul; 90.8% Mohit Saini S/o Sh. Om Prakash Vill. N. Shekhpura; 90.6% Bhumika D/o Sh. Rakesh Vill. Dhosi; 90.4% Nishchay S/o Sh. Jagat Singh Vill. Narnaul; 90.2% Vinish S/o Sh. Naveen Vill. Begpur; 90% Preeti D/o Sh. Mahesh Vill. Narnaul; 90% Anjali D/o Sh. Satish Vill. Narnaul; 90% Anshika D/o Sh. Sunil Vill. Mandhana

### CLASS 10TH ABOVE 90%
96% Ishant S/o Sh. Ajay Vill. Bhankhari; 95.8% Vansh S/o Sh. Anil Kr. Vill. Ateli; 95.4% Muskan D/o Sh. Rakesh Vill. Shaharpur; 95.4% Khushi D/o Sh. Hari Kishan Vill. Narnaul; 94.4% Anuj S/o Sh. Mukesh Vill. Khanpur; 92.4% Aditi D/o Sh. Dinesh Vill. Raghunathpura; 92.4% Puneet S/o Sh. Subhash Vill. Dochana; 92.4% Palak D/o Sh. Anil Vill. Dongli; 92.4% Anshika D/o Sh. Rakesh Vill. Ateli; 92% Neha D/o Sh. Vijay Vill. Nawdi; 90.8% Kalpana D/o Sh. Karan Vill. Hasanpur; 90.8% Priyanshu S/o Sh. Devender Vill. M/Garh; 90.6% Khushi D/o Sh. Satish Vill. Dohar; 90.6% Payal D/o Sh. Anil Vill. Dongli; 90% Diya Soni D/o Sh. Sanjay Vill. Koriawas; 90% Harsh S/o Sh. Manoj Vill. Kultajpur; 90% Sagar Saini S/o Sh. Roshan Vill. Narnaul; 90% Meenal D/o Sh. Deepak Prakash Vill. Narnaul; 90% Hemadri D/o Sh. Krishan Gopal Vill. Narnaul; 90% Dheeraj S/o Sh. Purushottam Vill. Ateli; 90% Nikita Bai D/o Sh. Lakhmi Chand Vill. Hasanpur; 90% Rashi D/o Sh. Vijay Vill. Ateli; 90% Hemlata D/o Sh. Suresh Vill. Nawdi; 90% Lakshita D/o Sh. Ajay Kr. Vill. Ateli; 90% Pratiksh S/o Sh. Ajay Kr. Vill. Begpur

## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से बाइक चालक घायल

**खोरी।** नांगल जमालपुर के निकट पिकअप गाड़ी की चपेट में आने से बाइक चालक घायल हो गया। ऊंचा निवासी धर्मेंद्र राजस्थान के घिलोठ में एक कंपनी में नौकरी करता है। वह घर से बाइक लेकर कंपनी जाने के लिए निकला था। नांगल जमालपुर के पास तेज रफ्तार पिकअप ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। पिकअप चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया।

### भतीजे के खिलाफ चाची ने दर्ज करवाया केस

**रेवाड़ी।** बिठवाना में चाची के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने भतीजे के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में शकुंतला ने बताया कि वह अपने प्लॉट में ईंधन लाने के लिए गई थी। उसने आरोप लगाया कि भतीजे दीपक ने वहां आकर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया।

### एक व्यक्ति को दो लोगों ने पीटकर किया घायल

**जाडरा।** सूंदरोज से घर लौट रहे जाडरा के एक व्यक्ति को दो लोगों ने पीटकर घायल कर दिया। पुलिस बयान में सुभाष ने बताया कि रात के समय सूंदरोज से आया था। गांव के स्कूल मैदान के पास विकास और विनय ने उसे रोककर पीटना शुरू कर दिया। वह उसे बेहोश होने तक पीटते रहे। बेहोश होने के बाद वह जमीन पर गिर गया। होश आने पर वह घर पहुंचा, तो परिजनों ने उसे अस्पताल में दाखिल कराया।

## राजकीय कॉलेज में चार दिवसीय योग कार्यशाला शुरू

# एक दिन नहीं, हर दिन करें योगः सुमन गर्ग

योग एक प्राचीन भारतीय अभ्यास, जो मानव शरीर, मन और आत्मा के संतुलन को बढ़ाने के साथ तनाव मुक्त भी करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


**महेंद्रगढ़।** कार्यशाला के दौरान योग की क्रियाएं करती हुई। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय में योगा क्लब एवं योग भारती इकाई के संयुक्त तत्वाधान में चार दिवसीय योग कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य मेजर एमआर लांबा, योग क्लब प्रभारी डॉ. पविता यादव एवं जय माता दी एरोबिक्स सेंटर की डायरेक्टर एवं योग भारती हरियाणा की योग प्रशिक्षिका सुमन गर्ग ने ऑडिटोरियम हॉल में विधिवत रूप से किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को योग की महत्ता और इसके लाभों के बारे में जागरूक करना है। प्राचार्य मेजर एमआर लांबा ने आधुनिक जीवन में योग के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है जो मानव शरीर, मन और आत्मा के संतुलन को बढ़ावा देता है। योग से न केवल व्यक्ति का तनाव दूर होता है बल्कि मन और मस्तिष्क को भी शांति मिलती है। योग न केवल हमारे दिमाग, मस्तिष्क को ही ताकत पहुंचाता है बल्कि हमारी आत्मा को भी शुद्ध करता है। आज बहुत से लोग मोटापे से परेशान हैं, उनके लिए योग बहुत ही फायदेमंद है। योग क्लब प्रभारी डॉ. पविता यादव ने बताया कि इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को योग के मूल सिद्धांतों, आसनों, प्राणायाम, ध्यान और शांति प्राप्ति के तकनीकों का संक्षेप में अध्ययन कराया जाएगा। विद्यार्थियों को योग के विभिन्न पहलुओं को समझाने के लिए विशेषज्ञ चार दिन तक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन और स्वास्थ्य लाभों को ध्यान में रखते हुए उन्हें योग के अद्वितीय अनुभव का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षिका जय माता दी एरोबिक्स सेंटर की डायरेक्टर सुमन गर्ग ने कार्यशाला के प्रथम दिन सर्वप्रथम मेडिटेशन कराया। इसके बाद सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, कपाल भांति, भ्रामरी प्राणायाम समेत अन्य योग क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टाफ को बताया कि योग हमें शरीर, मन, और आत्मा के संयोग के माध्यम से पूर्णता और शांति की अनुभूति कराता है। स्वास्थ्य और शारीरिक कुशलता को बढ़ावा देने के लिए हमें एक दिन नहीं, हर दिन योग करना चाहिए। योग एक प्राचीन और प्रभावशाली तकनीक है जो शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुधारने में मदद करता है। योग क्लब सहसंयोजक डॉ. अश्वनी कुमार ने इस कार्यशाला का आयोजन करने के लिए योग प्रशिक्षिका जय माता दी एरोबिक्स सेंटर की डायरेक्टर एवं योग भारती हरियाणा की योग प्रशिक्षिका सुमन गर्ग एवं उनकी टीम की सदस्यों धन्यवाद किया। इस मौके पर उपप्राचार्य प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मीनारायाण, प्रो. विजय यादव, प्रो. जितेन्द्र कुमार वशिष्ठ, डॉ. बलजीत सिंह, डॉ. सोमवीर सिवाच, डॉ. रेणु यादव, डॉ. अशोक कुमार, प्रो. विकास, डॉ. पवीता यादव, डॉ. परमीत कुमारी, डॉ. संदीप कुमारी, डॉ. मंजू कुमारी, प्रो. नविता, डॉ. अश्विनी कुमार, शंकर लाल, डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ. पिंकी यादव, डॉ. रितुरानी, अनिल कुमार कानोडिया, डॉ. अमिता कुमारी, डॉ. अनिता यादव, डॉ. कुसुमलता, डॉ. पूजा रानी, डॉ. अंजू यादव, बबील कुमारी, दीपक, कर्ण सिंह व दुलीचंद सहित महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित था।

# बचाव के लिए करें नियमित ब्रश

- मुंह की बीमारियों से पेट की बीमारियों को मिलता है बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी


नांगल चौधरी। सेमिनार में चिकित्सक टीम का अभिनंदन करते स्कूल के शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

राजकीय प्राथमिक पाठशाला आंतरी की मुख्य अध्यापिका अमरेश देवी की अध्यक्षता में दंत सुरक्षा सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें आंतरी पीएचसी की दंत रोग विशेषज्ञ डा. सुषमा यादव ने बच्चों को दंत रोग संबंधी बीमारियों से अवगत करवाया तथा उन्हें बचाव के टिप्स दिए। सेमिनार में डॉ योगेश यादव ने बच्चों को ब्रश करने की तकनीक से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य और दांतों में गहरा तालमेल है क्योंकि भोजन को जितना चबाकर खाया जाएगा उतना ही जल्द पचेगा और शरीर को पोषक तत्वों की पूर्ति हो पाएगी। इसके बावजूद अधिकतर लोग दांतों की सफाई को लेकर अर्लट नहीं हैं। इससे उनके दांतों में विभिन्न बीमारियां लग जाती हैं। उन्होंने कहा कि नीम में रोगप्रतिरोधक क्षमता होती है, जिससे बैक्टिरियां खत्म होते हैं। किंतु इसकी लचकदार मंजन नहीं बनने के कारण दांतों की अंदर तक सफाई नहीं होती। गंदगी रहने से दांतों को पायरिया व मसूढे खराब होने का डर रहता है। इसके विपरीत ब्रश दांतों के बीच छेद की सफाई करने में सक्षम होती है।



### करनाल में होने वाले ब्राह्मण अधिवेशन का दिया न्योता

**नारनौल।** ब्राह्मण खाप हरियाणा के तत्वाधान में करनाल में आयोजित होने वाले ब्राह्मण अधिवेशन का निमंत्रण दिया। ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा सिरसल ने श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के जिला महेंद्रगढ़ अध्यक्ष राकेश महता एडवोकेट को निमंत्रण देते हुए समस्त ब्राह्मण समाज को इस ब्राह्मण अधिवेशन में पधारने का आग्रह किया। गौरतलब है कि ब्राह्मण खाप हरियाणा के तत्वधान में ब्राह्मण समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी पर खुली चर्चा के लिए आगामी 17 मार्च को करनाल के मंगल सैन ऑडिटोरियम में ब्राह्मण अधिवेशन आयोजित कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा सिरसल ने श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष राकेश महता के माध्यम से निमंत्रण देते हुए, जिला महेंद्रगढ़ के समस्त ब्राह्मण समाज को उक्त अधिवेशन में पधारने का आग्रह किया। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन नारनौल के पूर्व प्रधान मनीष वशिष्ठ एडवोकेट, बनवारी लाल शर्मा एडवोकेट, श्याम सुंदर गोस्वामी एडवोकेट, मदन लाल शर्मा एडवोकेट, रविदत्त शर्मा एडवोकेट, कृष्ण कुमार शर्मा एडवोकेट उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवकों ने 7 दिवसीय एनएसएस शिविर के 6वें दिन की साफ सफाई

**मंडी अटेली।** राजकीय महाविद्यालय अटेली के एनएसएस की तीनों इकाइयों के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों ने ग्राम उनिन्दा में शहीद स्मारक व मुख्य मार्ग की सफाई की। स्वयंसेवकों ने ग्राम में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली, जिसे उनिंदा सरपंच शीशपाल यादव ने हरी झंडी दिखाई। स्वयंसेवकों ने गांव की चौपाल पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पर्यावरण सुरक्षा और अन्धविश्वास मिटाने का संदेश दिया। सायंकालीन सत्र में स्वयंसेवकों को रेडक्रॉस के माध्यम से फर्स्ट एड ट्रेनिंग दिलवाई गई। इस मौके पर महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

# कांवी स्कूल में यूथ इको क्लब ने किया पौधरोपण

- पेड़ लगाकर विभिन्न अवसरों को यादगार बनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


**नारनौल।** कांवी स्कूल में पौधारोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांवी में यूथ इको क्लब के तत्वाधान में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की ओर से प्रवक्ता डॉ. जितेंद्र भारद्वाज ने बताया कि प्राचार्य धर्मवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी नांगल चौधरी सुनीता यादव तथा विशिष्ट अतिथि बीआरपी सुमित्रा रही। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। इससे हमें प्राणवायु ऑक्सीजन के साथ अनेकों लाभ प्राप्त होते हैं तथा विद्यालय के सौंदर्यीकरण में भी वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि हमें विभिन्न अवसरों पर पेड़ अवश्य लगाना चाहिए तथा उनकी उचित देखभाल भी करनी चाहिए, ताकि विकास के लिए काटे गए पेड़ों की पूर्ति हो सके।

प्राचार्य धर्मवीर सिंह ने बताया कि इको क्लब के माध्यम से विद्यालय प्रांगण में लगभग 30 गमले तथा दो दर्जन से अधिक छायादार, फलदार, हैज, सजावटी सहित अनेक प्रकार के गुलाब व फूलों के पौधे लगाए गए हैं। इस मौके पर उपप्राचार्य विष्णु शर्मा, स्टेट अवॉर्डी प्रवक्ता डॉ. जितेंद्र भारद्वाज, प्रवक्ता राजेश कुमार, मुंशीराम, अशोक कुमार, सुनीता कुमारी, सुशीला यादव, अशोक, रामनिवास शास्त्री, अखिलेश तंवर, चारू, मुख्यशिक्षक शेरसिंह यादव व एबीआरसी महेश कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर पिलाई पोलियो ड्राप्स

- 95,476 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राष्ट्रीय पोलियो अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य के लिए सोमवार को डोर-टू-डोर अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने जीरो से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। यह अभियान 5 मार्च को भी जारी रहेगा। अभियान के तरतह घर-घर,झुग्गी झोपड़ियों, भट्ठों व अर्बन स्लम एरिये में बच्चों को पल्स पोलियो कि खुराक पिलाई जाएगी ताकि कोई भी बच्चा पोलियो खुराक की पीने से वंचित न रहे। सिविल सर्जन डा. सुरेन्द्र यादव ने बताया कि सोमवार को घर-घर जाकर पल्स पोलियो कि खुराक पिलाई गई ताकि पोलियो का सम्पूर्ण खात्मा किया जा सके। सिविल सर्जन ने बताया कि पोलियो अभियान के लिए जिले भर में 784 टीमें अलग-अलग स्थानों पर पल्स पोलियो की दवा पिला रही है। जिले में 95,476 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।



### सतनाली कॉलेज में दस दिवसीय योग शिविर शुरू

**सतनाली मंडी।** राजकीय महाविद्यालय में महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दस दिवसीय योगा शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रभारी डा. रेखा शेखावत के निर्देशन में आयोजित शिविर का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य विरेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सहशैक्षणिक गतिविधियों से विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास होता है। शिविर प्रभारी डा. रेखा शेखावत ने बताया कि शिविर के दौरान छात्राओं को योग की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही इस दौरान सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम सहित सुक्ष्म व्यायाम क्रियाएं करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने से शरीर को स्वस्थ एवं निरोग रखा जा सकता है। महिलाओं में बढ़ रहे विभिन्न रोगों का उपचार योग द्वारा संभव है। इस अवसर पर डा. सुनीता भारद्वाज एवं श्वेता सिंघला ने एरोबिक्स एवं योग के विभिन्न आसन करवाए। इस मौके पर डा. सुधीर लांबा, अजीत सिंह, डा. कमला, डा. नीलम, डा. रितु सहित स्टाफ सदस्य व छात्राएं उपस्थित रही।



### एचआईवी एड्स जागरूकता पर कार्यक्रम

**मेहेंद्रगढ़।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से सिसोठ, पाली व जाट गांव में एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर 97 लोगों की एचआईवी एडस की जांच की गई, इसमें सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई। उपसिविल सर्जन डॉ. हर्ष चौहान ने बताया कि एचआईवी एक प्रकार का वायरस होता है, जो आपके इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है। यह वायरस आगे चलकर एड्स का कारण बनता है। एड्स एक लाइलाज बीमारी है, जिससे बचने का एक मात्र उपाय एड्स के प्रति जागरूकता है। एचआईवी एड्स के लक्षण, कारण और बचाव के तरीकों के बारे में पता होना बहत जरूरी है। इस मौके पर काउंसलर तरुण कुमार, प्रमोद कुमार, राजेश व इंद्रजीत के अलावा अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# आपसी तालमेल नहीं होने के चलते रोडवेज की नारनौल डिपो कमेटी भंग, प्रधान ने किया विरोध

- कार्यकारिणी पर यूनियन के हित में काम नहीं करने के लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश ग्रेवाल ने निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए नारनौल डिपो यूनियन को भंग कर दिया गया है। ग्रेवाल ने बताया कि नारनौल डिपो कमेटी विभाग व यूनियन हित में कार्य नहीं कर रही थी और यहां की कार्यकारिणी का आपस में तालमेल भी नहीं था। कार्यकारिणी पदाधिकारी एक-दूसरे के साथ तालमेल बनाकर चलने की बजाए विरोधाभासी थे। इस कारण गत एक मार्च को नारनौल डिपो में पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई थी।

जिसमें कमेटी के पदाधिकारियों से विभाग एवं संगठन हित में समन्वय बनाकर चलने की बात रखी गई और समझौता कराने का प्रयास किया गया था। इससे पूर्व भी राज्य कमेटी ने दो बार नारनौल डिपो जाकर डिपो कमेटी को विभाग व यूनियन हित में समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की गई थी। अंततः पुनः सभी पदाधिकारियों से विभाग व संगठन हित में कार्य करने की अपील की गई। नारनौल डिपो कमेटी के पदाधिकारियों ने समन्वय के साथ कार्य न करने में स्पष्ट असमर्थता जताई। तत्पश्चात संगठन की राज्य कमेटी ने बैठक में मौजूद नारनौल कमेटी के पदाधिकारियों की मौजूदगी में समस्त नारनौल डिपो कमेटी को भंग करने का निर्णय लिया गया। ग्रेवाल ने बताया कि हमारी यूनियन की कार्यकारिणी तीन साल के लिए गठित की जाती है। वैसे भी यह तीसरा साल चल रहा है तथा दो माह ही बचे हैं। अप्रैल में पूरे प्रदेश के चुनाव शुरू करवाए जाएंगे। दूसरी ओर नारनौल डिपो प्रधान अनिल भीलवाड़ा ने कार्यकारिणी भंग करने का विरोध किया है। उन्होंने बताया कि वह प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा मनोनीत प्रधान नहीं हैं, बल्कि चुनाव लड़कर जीतकर प्रधान बने हैं।

14 सितंबर 2021 को कर्मचारियों ने मतदान करके उन्हें अपना प्रधान चुना था। उन्होंने आपसी तालमेल के संदर्भ में बताया कि लोगों में जाति-पाति-धर्म का जहर घुला हुआ है, जबकि उन्होंने सदैव ही कर्मचारी हित के मुद्दे उठाए हैं और उन्हें लागू भी करवाए हैं। यह कर्मचारी हित का मिशन वह आगे भी जारी रखेंगे, चाहे प्रधान रहें या न रहें। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य प्रधान या राज्य कमेटी के पद हेतु किसी भी डिपो या सब डिपो में पदाधिकारी होना आवश्यक होता है। राज्य प्रधान भी नारनौल डिपो में ऑडिटर है। यदि डिपो कार्यकारणी भंग की गई है तो ऑडिटर भी अपने पद से हट चुके हैं व नियमानुसार तो वह राज्य प्रधान या राज्य कमेटी में भी किसी पद पर नहीं रह सकते। राज्य के महासचिव भी मनोनीत हैं, न कि चुनाव लड़कर महासचिव बने हैं। उन्होंने बताया कि जरूरत पड़ी तो वह कोर्ट की भी शरण ले सकते हैं।

# टेलीग्राम पर टॉस्क पूरे करने के नाम पर ठगी का आरोपी काबू

**नारनौल।** टेलीग्राम पर ऑनलाइन टास्क पूरे करने के नाम पर ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम की पुलिस टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान अभिषेक तिर्कर वासी बालकृष्णा नगर नरोड़ा रोड सैजपुर बांगा अहमदाबाद के रूप में हुई। जिसे न्यायलय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। शहर के पुरानी मंडी वासी कंवर सिंह ने साइबर ठगी की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया था कि एक जनवरी को उसने इंस्टाग्राम आईडी पर एक वीडियो रील देखी। जिसमें बताया गया कि अगर आप ऑनलाइन पैसे कमाना चाहते हैं तो वीडियो मे दर्शाए गए लिंक पर क्लिक करें। शिकायतकर्ता ने लिंक पर क्लिक किया तो एक टेलीग्राम का अकाउंट ओपन हुआ। टेलीग्राम पर शिकायतकर्ता को शेयर चैट वीडियो के स्क्रीनशॉट उनके साथ शेयर करने का टास्क दिया। जिसके शिकायतकर्ता को प्रति स्क्रीनशॉट शेयर करने के 10 रुपये के हिसाब से कुल 90 रुपये उसके बैंक खाते मे प्राप्त हुए। अगले दिन एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा व शेयर चैट वीडियो के स्क्रीनशॉट उनके साथ शेयर करने के प्रति स्क्रीनशॉट शेयर करने के 30 रुपये के हिसाब से बैंक खाते मे रुपये प्राप्त होने लगे। दिनांक दो जनवरी को शिकायतकर्ता को 120, 1300, 7600 रुपये प्राप्त हुए। फिर तीन जनवरी को टेलीग्राम टास्क को पूरा करने पर 10 हजार रुपये प्राप्त हुए। इस बाद उस शिकायतकर्ता को क्रिप्टो करेंसी के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करने बारे वेबसाइट भेजी।

# आरपीएस में जंगल सफारी

- विश्व वन्यजीव दिवस पर कार्यक्रम का किया आयोजन
- विद्यार्थियों ने अरावली पहाड़ी क्षेत्र में किया जंगल का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


**महेंद्रगढ़।** अरावली पहाड़ी का लुत्फ उठाती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

विश्व वन्य जीव दिवस के उपलक्ष्य पर आरपीएस कॉलेज के भूगोल विभाग के 40 विद्यार्थियों ने पास ही की अरावली पहाड़ी क्षेत्र में जंगल सफारी का लुत्फ उठाया। इस सफारी के दौरान विद्यार्थियों ने इस क्षेत्र की वनस्पती, जीव-जंतुओं, चट्टानों एवं मिट्टी आदि के विभिन्न प्रकारों का अवलोकन कर एक विस्तुत रिपोर्ट तैयार की। कार्यक्रम में सफारी एवं डीन डॉ. यशपाल शर्मा ने दिखाकर रवाना किया।

इस सफारी के माध्यम से बच्चों ने अरावली की वनस्पती एवं जीव जंतुओं की प्रजातियों एवं उनके रहने के वातावरण की जानकारी हासिल की। सफारी की अगुवाई भूगोल विभागाध्यक्ष अनिल यादव की देखरेख में की गई। इस अवसर पर कॉलेज चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव, भूगोल विभाग से आचार्य डॉ. राहुल शर्मा एवं चारु यादव भी उपस्थित रहे।

## आयुर्वेद व योग को दिनचर्या में शामिल करें : ओम प्रकाश यादव

# डेरोली अहीर में आयुष का निःशुल्क चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। हरियाणा सरकार ने आयुर्वेद को प्रोत्साहन देने के लिए अनुकरणीय कदम उठाए हैं। सरकार ने जिला के गांव पटीकरा में बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज खोला है ताकि युवा इस पद्धति में डिग्री लेकर लोगों की सेवा कर सकें। राज्यमंत्री सोमवार डेरोली अहीर की व्यायामशाला में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में संबोधित कर रहे थे।


**महेंद्रगढ़।** अंगदान पर नागरीकों को जागरुक करते छात्र।

आयुष विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्त्रम में मुख्य अतिथि ने आयुष विभाग द्वारा लगाई आयुष प्रदर्शनी का अवलोकन किया व आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों की जानकारी प्राप्त ली। इस शिविर में आयुर्वेदिक कॉलेज के छात्राओं ने अंग दान पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर गांव के नागरिकों को जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि इस शिविर के द्वारा नागरिकों को आयुर्वेद के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले के समय में जड़ी बूटियों का प्रयोग करके स्वस्थ रहते थे। उन्होंने कहा कि खुद को स्वस्थ, आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ रखने के लिए आयुर्वेद को नजदीक लाना है। हमे आयुर्वेद व योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना है। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग ने सुपरजा योजना लागू की है। जिला के नसीबपुर गांव से शुरुआत हो चुकी है जहां नसीबपुर हेल्थ सेंटर के गांवों में साप्ताहिक कैंप लगाया जाता है। इस योजना में स्वस्थ जननी व निरोगी संतान के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर आयुष अधिकारी डॉ अजीत यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में एक गांव को आयुष ग्राम का दर्जा दिया जा रहा है। जिला महेंद्रगढ़ में यह दर्जा गांव डेरोली अहीर को दिया गया। इस शिविर में 215 नागरीकों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। इस दौरान मुख्य अतिथि ने गांव के पांच बुजुर्ग व्यक्ति, पांच महिलाओं, पांच बच्चों को च्यवनप्राश अश्वगंधा आदि की इम्युनिटी किट व पांच नागरीकों को आयुर्वेदिक औषधि पौधे दिए। इस मौके पर डा. श्रीनिवास गुजरवार, डा. भूपेंद्र, डा. रितु, डा. अनिल, डा. नितिन, डा. महेश चौधरी के अलावा अन्य चिकित्सक तथा गांव के नागरिक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय शीतलामाता का 10वां भण्डारा

**नारनौल।** गांव खामपुरा में श्री शीतलामाता का विशाल जागरण एवं भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी श्रीशीतला माता मन्दिर ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण कुमार व इंडस वैली स्कूल दौंगड़ा अहीर के चेयरमैन धर्मेन्द्र यादव ने दी। उन्होंने बताया कि खामपुरा गांव के प्रसिद्ध श्रीशीतला मात मन्दिर में हरवर्ष की भांति इस वर्ष भी जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बतायाकि छह मार्च को शाम 4:15 बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी। दूसरे दिन सात मार्च की रात 9:15 के उपरान्त जागरण का आयोजन किया जाएगा। वहीं तीसरे दिन आठ मार्च सुबह 11:15 बजे बाद भंडारा आयोजित किया जाएगा।

### डोर-टू-डोर जाकर बच्चों को पिलाई पोलियो की दवाई

**महेंद्रगढ़।** शहर की वार्ड नंबर-13 की आंगनबाड़ी वर्करों ने सोमवार को डोर-टू-डोर जाकर नवजात शिशु से पांव वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई। आशा वर्कर सुनीता ने बताया कि अभियान के मौहल्ला खोजावाड़ा व खटीकान में डोर-टू-डोर 121 बच्चों को पल्स पोलियो की दवाई पिलाई गई है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान सभी अभिभावक जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं।

### विश्व महिला दिवस पर सेमिनार 8 को

**नारनौल।** परिवर्तनकारी साहित्य मंच जिला महेंद्रगढ़ की ओर से 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण एवं स्त्री विमर्श के विविध आयाम विषय पर नेशनल सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। सेमिनार डॉ. अंबेडकर भवन मालवीय नगर में साढे.10 बजे शुरू होगा। सेमिनार की विशेषता यह होगी कि इसमें प्रतिभागी वक्ता केवल महिलाएं होंगी, वहीं मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, मुख्य वक्ता, विशिष्ट अतिथि, मंच संचालक भी महिलाएं ही होंगी।

### स्वामी दयानंद सरस्वती का 200वां जन्मदिन कल

**नारनौल।** आर्य समाज हुडा के तत्वाधान में छह मार्च को यादव धर्मशाला में महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती का 200वां जन्मदिन मनाया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. रामनिवास यादव व रामनिवास धौलेड़ा ने संयुक्त रूप से बताया कि स्वामी के 200वें जन्मदिन पर आयोजित भव्य कार्यक्रम इस अहीरवाल क्षेत्र में आर्य समाज के सिद्धांतों एवं विचारों को प्रचारित-प्रसारित करने में एक मील का पत्थर साबित होने वाला है।

### मुख्यमंत्री सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता में कांटी प्रथम

**मंडी अटेली।** मुख्यमंत्री सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांटी को जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार के लिए चुना गया है। यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष जिला स्तर के अधिकारियों की देखरेख में सम्पन्न होती है। जिला स्तर पर किए जाने वाले सर्वेक्षण के आधार पर यह चुनाव किया जाता है और विजेता 23-मंडी अटेली। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांटी।

---

## अटल भूजल योजना से जिले में बन रहे 12 टैंक, योजना का मुख्य उद्देश्य जल संकट वाले क्षेत्रों में भूजल संसाधनों में लाना है सुधार

### अटल भूजल योजना के तहत भूजल प्रबंधन पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा व केंद्र सरकार भूजल प्रबंधन को लेकर लगातार कार्य कर रही है। सरकार के साथ जनमानस को भी सजगता के साथ जल के संरक्षण व संवर्धन में अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए। यह बात सिंचाई विभाग के कार्यकारी अधिकारी नितिन भार्गव ने सोमवार निजी होटल में अटल भूजल योजना के तहत भूजल प्रबंधन पर आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही। इस दौरान विभिन्न लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारी मौजूद थे।

**खास बातें**

- अटल जल एप डाउनलोड कर देख सकते हैं वाटर लेवल तथा बारिश की रिपोर्ट
- माइक्रो इरिगेशन सिस्टम पर सरकार दे रही 85 फीसदी

### जिला महेंद्रगढ़ की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने उठाया अहम कदम

**किसानों को मिलेगा योजना का लाभ**

उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य जल संकट वाले क्षेत्रों में भूजल संसाधनों के प्रबंधन में सुधार करना है। जिला महेंद्रगढ़ की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए सरकार भूजल स्तर में सुधार के लिए हर साल बारिश के पानी को दक्षिणी हरियाणा की नदियां व तालाबों में डाल रही है। सरकार के प्रयासों के साथ अब समय आ गया है कि जल संरक्षण को एक जन आंदोलन का रूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संचयन, संवर्धन व संरक्षण के साथ-साथ लोगों के व्यवहार में बदलाव लाना, बोरवेल का कम उपयोग करना व फसल विविधीकरण पर फोकस करना है। उन्होंने कहा कि भूजल के स्तर पर नजर रखने के लिए जिला महेंद्रगढ़ के 155 गांव में बीजों मीटर लगाए गए हैं। इसके अलावा कोई भी नागरिक अटल जल एप डाउनलोड कर सकता है इस ऐप पर जिला महेंद्रगढ़ के पांच खण्ड के 255 गांवों के वाटर लेवल तथा बारिश की रिपोर्ट देखी जा सकती है। यह रिपोर्ट लगातार अपडेट होती रहती है। उन्होंने कहा कि अटल भूजल योजना से जिला में 12 टैंक बन रहे हैं। यहां से किसानों को पाइप के जरिए माइक्रो इरिगेशन के लिए दिया जाएगा।



नारनौल। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित करते नितिन भार्गव। फोटो : हरिभूमि

**होगा लाभ**

सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता नितिन भार्गव ने कहा कि इस योजना का सबसे अधिक फायदा महेंद्रगढ़ जिला को हुआ। यह अभियान केवल रिचार्ज के लिए ही नहीं बल्कि पानी को बचाने के जागरूक करना भी मकसद है। हमें मिलकर पानी का सद्धुपयोग करना है।

**यह बोले अधिकारी**

मिकाडा के कार्यकारी अधिकारी सोनित राठी ने बताया कि भूजल का कम से कम प्रयोग करने के लिए मिकाडा की तरफ से सामूहिक तालाब बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा किसानों को माइक्रो इरिगेशन सिस्टम अपनाने के लिए 85 फीसदी तक सब्सिडी दी जाती है। उन्होंने बताया कि अटल भूजल योजना में हरियाणा राज्य के 14 जिले, 36 ब्लॉक और 1656 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। साथ ही अटल भूजल योजना से आयईसी एक्सपर्ट तुषार तांबेकर और भूजल विशेषज्ञ रोहित शुक्ला ने कार्यशाला का संचालन किया साथ ही अटल भूजल योजना के विभिन्न घटकों के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की। इस मौके पर जिला उद्यान अधिकारी डा. प्रेम यादव, मीकाडा के एसडीओ राजेश वर्मा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग से डा. हरपाल सिंह के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

---

### सड़क निर्माण के समय भी लगाया था घटिया सामग्री का आरोप

## बीस माह में ही दम तोड़ गई सिनेमा रोड की सड़क, परेशानी

सड़क में बने गहरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन रहे है प्रशासन कर रहा अनदेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

शहर का सबसे व्यस्त मार्ग सिनेमा रोड इन दिनों जर्जर अवस्था में है। बालाजी चौक से माता मसानी तक सड़क मार्ग को बने दो साल भी नहीं हुआ है, लेकिन जगह-जगह सड़क मार्ग टूट कर बिखरने लगा है। सड़क में बने गहरे गड्ढे राहगीरों व वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। बता दें कि नगर पालिका की ओर से इस सड़क का 21 मार्च 2022 को काम शुरू हुआ था। जून 2022 में यह सड़क ठेकेदार ने बनाकर तैयार कर दी, लेकिन इस सड़क से पत्थर कंकड़ एक दिन में ही बिखरने लगे थे। इसको लेकर आसपास के दुकानदारों ने प्रशासन के प्रति नारेबाजी कर रोष जताया था तथा सड़क का दोबारा निर्माण करने की मांग उठाई थी। दुकानदारों ने आरोप लगाया था कि ठेकेदार ने रातों-रात इस सड़क का निर्माण किया है तथा एक ही दिन में सड़क से रोड़ियां निकलनी लगी है। उन्होंने ठेकेदार पर सड़क के निर्माण कार्य में घटिया साम्रागी लगाने का आरोप लगाया था। दुकानदारों का कहना था कि सड़क में ठेकेदार द्वारा घटिया साम्रगी लगाई जा रही है। आनन-फानन में प्रशासन ने इसी दिन जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क को उखाड़ दिया। फिर ठेकेदार ने जुलाई माह में नई सिरे से सड़क बनवाई थी, लेकिन सड़क का निर्माण हुए दो साल भी नहीं बीते फिर से पत्थर कंकड़ निकलने शुरू हो गए है, जो जांच का विषय है। इसके अलावा शहर के अनेक मार्गों की सड़क भी खस्ता हुई बनी है।



महेंद्रगढ़। सिनेमा रोड की सड़क की निकली हुई रोड़ियां। फोटो : हरिभूमि

**शहर के अन्य मार्गों की हालात भी है खस्ता**

*शहर की अधिकांश सड़कें इन दिनों जर्जर बनी हुई है, लेकिन नगर पालिका की ओर से इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर की 11 हट्टा बाजार, सर्राफा बाजार, परशुराम चौक से मसानी तक, फूलचंद हनुमान मंदिर से मस्जिद तक, ब्रह्मचारी रोड से राव बहादुर सिंह की कोठी तक, पूर्व जिला प्रमुख रामसिंह की कोठी से मोहल्ला खटीकान तक, मोहल्ला नाथूवाला से लेकर भारतीय स्कूल तक, बालाजी चौक से रेलवे स्टेशन तक, रिवासा फ्लाईओवर से माजरा फाटक तक, बालाजी चौक से सब्जी मंडी, नेमी मिष्ठान भंडार से विधायक राव दानसिंह के मकान तक, मोहल्ला कुम्हारान, पुराना बिजली बोर्ड से बुचौली तक, मॉडल संस्कृति स्कूल से कॉलेज तक, बालाजी चौक से माता मसानी तक, सड़क हालात बिल्कुल खस्ता हो चुकी है।*

---

## पीएम व सीएम छह को लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए लखपति दीदी महासम्मेलन को करेंगे संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल छह मार्च को करनाल में होने वाले राज्य स्तरीय लखपति दीदी महासम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लखपति दीदी महासम्मेलन के दौरान देशभर की स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए संबोधित करेंगे। इसके अलावा राज्य के सभी जिलों और खण्डों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा पीएम व सीएम का संबोधन दिखाया जाएगा। इसी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। डीसी ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का देशभर में सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसी प्रकार हरियाणा में करनाल से इसका सीधा प्रसारण रहेगा। सभी जिला व खण्डों में भी इसी प्रकार कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस दौरान नागरिकों को ड्रोन के माध्यम से फसलों में दवाई व नैनो यूरिया के छिड़काव करने के तरीके के बारे में जानकारी दी जाएगी।



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेती उपायुक्त मोनिका गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

---

## लाठीचार्ज के विरोध में उतरा प्रजापति समाज

- राष्ट्रीय प्रजापति महासभा जिला इकाई की ओर से उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

राष्ट्रीय प्रजापति महासभा जिला इकाई की ओर से उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने बताया कि साहिदाबाद में प्रजापति समाज पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में सोमवार विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर उपायुक्त मोनिका गुप्ता को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें जिला अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव विजय सिंह प्रजापति ने कहा कि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दारासिंह प्रजापति अपने प्रजापति समाज के अनेक साथियों के साथ शांतिपूर्वक हरिद्वार से चलकर दिल्ली जंतर-मंतर पर समाज की मांगों को लेकर राष्ट्रपति को ज्ञापन देने पैदल ही जा रहे थे।



नारनौल। उपायुक्त मोनिका गुप्ता को ज्ञापन सौंपते प्रजापति समाज के लोग।

---

### हकेंवि में छह मार्च को होगा उत्सव का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग विश्वविद्यालय के सभी विभागों के विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए छह मार्च को अंतर विश्वविद्यालय हकेंवि संचार उत्सव-2024 का आयोजन करने जा रहा है।

इस एक दिवसीय वार्षिक उत्सव में मीडिया व दूसरे विभागों के विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि मीडिया की रचनात्मक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करने के लिए इस वर्ष हकेंवि संचार उत्सव का आयोजन करने जा रहा है। इस आयोजन में विद्यार्थियों के लिए प्रेस रिलीज लेखन, फीचर लेखन, वाद-विवाद, शॉर्ट फिल्म, मोबाइल फोटोग्राफी, रील मेकिंग, कविता पाठ, एड मेड-शो, पीस-टू कैमरा, एंकरिंग जैसी प्रतियोगिताएं रखी गई हैं। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थियों द्वारा ही आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंत में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नीरज कर्ण सिंह व डॉ. भारती बत्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए पंजीकरण करवाया है।

---

## मांगों को लेकर ट्यूबवेल ऑपरेटर हुए एकजुट




हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

केंद्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी से जुड़ी यूनियन ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर यूनियन, हरियाणा ग्रामीण चौकीदार संगठन हरियाणा एवं ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में लघु सचिवालय पार्क में सभा हुई। सभा पश्चात लघु सचिवालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन कर एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उपमण्डल अधिकारी (एसडीएम) नारनौल को सौंपा। वक्ताओं ने ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरटरों, ग्रामीण चौकीदारों व ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की सरपंचों द्वारा सुबह-शाम हाजिरी लगाने के हरियाणा सरकार के ऐसे किसी भी निर्णय व आदेशों का पुरजोर विरोध प्रदर्शित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार का यह फैसला कर्मचारी हित में नहीं है।

---

## सरकार की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं: सीताराम

- कनीना नगरपालिका क्षेत्र में किए गए करोड़ों रुपये के विकास कायार्ं का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

भाजपा सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। जिन विकास कायोंर् की घोषणा करती है उनका शिलान्याश व उद्घाटन भी करती है। ये बात अटेली हलका विधायक सीताराम यादव ने सोमवार को कनीना नगरालिका क्षेत्र में करोड़ों की लागत से किए गए विकास कायार्ं का उद्घाटन करते हुए उपस्थित जनों के समक्ष व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कनीना में महेंद्रगढ रोड पर 4.33 लाख रुपये की लागत से ड्रेन का निर्माण कराया जा रहा है। वार्ड सात में भी 13.38 लाख की लागत से नाला, वार्ड तीन में आश्रम रोड से 4.81 लाख की लागत से ड्रेन का निर्माण किया जा रहा है। 151.35 लाख की लागत से सीएचसी कनीना से मंडी गेट तथा 176.38 लाख की लागत से सदर पुलिस थाना से अटेली रोड तक आरसीसी सड़क का निर्माण कार्य पूरा किया गया है। नगरपालिका में सफाई कार्य के लिए 25 लाख की लागत से दो ट्रैक्टरों की खरीद की गई है। 24.65 लाख की लागत से शहीद सुजान सिंह पार्क का नवीनीकरण किया गया है तथा शहीद स्मारक के समीप 15.14 लाख की अनुमानित लागत से पार्क को विकसित किया गया है। इसके अलावा लाखों रुपये की परियोजनाओं के शीघ्र ही टेंडर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अटेली हल्का विकास के मामले में पहले नम्बर पर आ गया है। विधायक सीताराम यादव ने कहा कि गांवों के विकास के लिए सरकार के खजाने का मुंह खुला है।



कनीना। नवनिर्मित पार्क का उद्घाटन करते विधायक सीताराम यादव व अन्य।

**लघु सचिवालय भवन निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश**

विधायक ने विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद नव निर्मित लघु सचिवालय भवन का भी निरीक्षण किया ओर कार्य कर रही एजेंसी से गुणवत्तापरक मैटीरियल इस्तेमाल कर नियत समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तीन मंजिले इस भवन का करीब 70 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो गया है। ग्राऊंड फ्लोर का कार्य अंतम चरण में है। जहां अप्रैल माह से एसडीएम सहित विभिन्न अधिकारियों के कार्यालय संचालित होने की संभावना है।

---

### व्यापारियों ने मिलकर आर्थिक सहायता के लिए सौंपा ज्ञापन

## आग से मृत मजदूरों के परिजनों को मिले आर्थिक मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

अनाज मंडी के व्यापारियों ने गत 28 फरवरी की मध्य रात्रि को खल-बिनौला के गोदाम में लगी आग से हुए व्यापारी के नुकसान एवं दो मजदूरों की दम घुटने से हुई मौत पर आर्थिक सहायता देने के लिए प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा तथा मुआवजे की गुहार लगाई। ज्ञापन में शिव कुमार एवं चंद्रशेखर मित्तल ने बताया कि वह अग्रसेन चौक पर पुलिस थाना के सामने रहता है तथा अपने घर के नीचे एक दुकान फर्म मैसर्स हंसराज चंद्रशेखर के नाम से की हुई है, जबकि एक अन्य फर्म मैसर्स हंसराज शिव कुमार के नाम से अनाज मंडी के अंदर स्थित है, जिसे वह गोदाम के रूप में इस्तेमाल करता है। उन्होंने बताया कि गत 28 फरवरी की मध्य रात्रि करीब एक बजे अनाज मंडी वाली दुकान/गोदाम में आग लग गई थी, जिसकी सूचना मिलने पर वह तथा परिवार के अन्य सदस्य शीघ्रता से वहां पहुंचे। वहां पहुंचने पर आग फैली देखकर पुलिस को डॉयल 112 तथा फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जिस पर दोनों ही मौके पर पहुंचे और फॉयर ब्रिगेड की मदद से बाद में आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि उस समय गोदाम में पांच मजदूर सो रहे थे।



नारनौल। लघु सचिवालय में ज्ञापन सौंपने आए व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

**आग से हुआ भारी नुकसान**

उन्होंने बताया कि आग लगने के समय गोदाम में खल की लगभग 950 बोरी, बिनौले की लगभग 550 बोरी, जिनकी बाजार में कीमत लगभग 22 लाख रुपये है, जलकर राख हो गए तथा दुकान भी पूरी तरह जलकर खंडहरनुमा हो गई। उन्होंने बताया कि आग अज्ञात कारणों से लगी थी और इसमें किसी का कोई दोष नहीं है। इस हादसे में उसका सामान व दुकान मिलाकर करीब 50 लाख रुपये का नुकसान हो गया है। अब पीड़ित के पास दुकान व कारोबार दोबारा से खड़ा करने के लिए कोई पैसा नहीं है। जबकि दो मजदूरों की मौत होने एवं एक घायल होने पर उनके परिवारों पर भी भारी संकट आ गया है और उनके परिवारों में कोई भी कमाने वाला नहीं बचा है।

---

## वर्ष 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी अर्ष वर्मा ने संभाली एसपी की कुर्सी

- जिला महेंद्रगढ़ एसपी अर्ष वर्मा ने संभाला कार्यभार, वर्ष 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं अर्ष वर्मा
- इससे पहले एडीसी टू गवर्नर चंडीगढ़ के पद पर एसपी लोकायुक्त के अतिरिक्त कार्यभार के साथ थे कार्यरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

महेंद्रगढ़ जिले में स्थानांतरित होकर आए एसपी अर्ष वर्मा आईपीएस ने आज सोमवार को कार्यभार संभाल लिया। लघु सचिवालय पहुंचने पर डीएसपी मोहिंद्र सिंह, डीएसपी मोहम्मद जमाल, डीएसपी सुरेश कुमार, डीएसपी हरदीप सिंह व अन्य स्टाफ ने उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालते ही पुलिस अधीक्षक अर्ष वर्मा जिले के सभी डीएसपी से रूबरू हुए। पूर्व एसपी नितिश अग्रवाल का ट्रांसफर महेंद्रगढ़ जिले से एससीबी के पुलिस अधीक्षक के पद पर हुआ है। इसके बाद उनका विदाई समारोह जिला पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने सोमवार चांदनी मिडवे रिसॉर्ट में आयोजित किया गया। पुलिस कप्तान अर्ष वर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि नितिश अग्रवाल उनके बैचमेट हैं और वह उनकी कार्यशैली और स्वभाव से भली भांति परिचित हैं।



एसपी अर्ष वर्मा

---

**सूचना**

मै संतरा (Santra) पत्नी जय सिंह वासी मेघोत बिन्जा तह. नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ बयान करती हूं कि मेरा पुत्र रामअवतार आर्मी में कार्यरत है जिसका सर्विस रिकार्ड न. 4201840पी लैस नायक है। मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरी जन्म तिथि व नाम गलत दर्ज हो गया है। मेरी सही जन्म तिथि 01.01.1953 व नाम संतरा है। नियमानुसार सही करें।

**सूचना**

मैं मधुबाला पत्नी प्रवीण कुमार, माता याना चौहान, गाँव बधवाना, जिला चरखी दादरी, हरियाणा की स्थायी निवासी हूँ। मैंने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम याना चौहान से बदलकर यशस्वी चौहान रख लिया है।

**सूचना**

मै राजेश कुमार पुत्र मातादीन वासी आसरावास तह. नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड सिपाही नं. 15752038X में गलती से मेरी माताजी का नाम संतोष देवी लिखा गया जबकि उनका सही नाम संतोष है। नियमानुसार सही करने का कष्ट करें।

# 2018 से भी बुरा हाल, पांच साल बाद लिंगानुपात 887, जिला राजस्थान से सटा होना अहम कारण

**सबसे खराब लिंगानुपात वाले तीन हजार से अधिक आबादी के 14 गांव चिह्नित, जागरूकता कार्यक्रम भी नहीं आए काम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

एक तरह शिक्षा जगत में महेंद्रगढ़ जिला प्रदेशभर में आए दिन नए मुकाम हासिल कर रहा है, वहीं बेटी जन्म में आंकड़े सामने आने से शर्मसार कर रहा है। यह हम नहीं स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े कह रहे है। साल 2018 में जिला में लिंगानुपात 898 रहा था। इसके बाद साल 2019 में 916, 2020 में 902, 2021 में 904 व साल 2022 में 907 लिंगानुपात रहा। अब साल 2013 में इस लिंगानुपात में ओर अंतर बढ़ गया और 1000 लड़कों के पीछे 887 लड़कियों ने जन्म लिया। यह लिंगानुपात का अंतर साल 2018 से भी अधिक है। इसके बाद अब जनवरी में 824 व अब फरवरी माह में कुछ सुधार हुआ और यह आंकड़ा 878 पहुंचा है।

साल 2023 में जब लिंगानुपात की स्थिति खराब हुई तो स्वास्थ्य विभाग ने भाग दौड़ की। जिला में ऐसे 14 गांवों को चिन्हित किया, जिनकी आबादी तो 3000 से अधिक है लेकिन लिंगानुपात सबसे खराब स्थिति में है। इनमें 7401 आबादी वाले गांव खुड़ाना में 42 लड़के व 24 लड़कियां जन्मी। यहां 571 लिंगानुपात रहा। 5788 आबादी वाले गांव भोजावास में 49 लड़के व 31 लड़कियों ने जन्म लिया, यहां 633 लिंगानुपात रहा। 8051 आबादी वाले गांव पाली में 56 लड़के व 39 लड़कियों ने जन्म लिया, यहां का लिंगानुपात 696 रहा। नांगल सिरोही की आबादी 6693 है। इस गांव में 50 लड़के व 35 लड़कियों ने जन्म लिया। यहां का 700 लिंगानुपात रहा। गांव कारिया की आबादी 3574 है।

यहां 31 लड़के व 22 लड़कियों ने जन्म लिया और लिंगानुपात 710 रहा। गांव डोहर कलां की आबादी 3027 है। यहां पर 19 लड़के व 14 लड़कियों ने जन्म लिया और लिंगानुपात 737 रहा। शहरी क्षेत्र में शामिल गांव पटीकरा की आबादी 4916 है। यहां 27 लड़के व 20 लड़कियों का जन्म हुआ और 741 लिंगानुपात रहा। गांव गुढा की आबादी 3732 है। यहां 27 लड़के व 20 लड़कियां ने जन्म लिया और लिंगानुपात 741 रहा। गांव बसई की आबादी 8832 है। यहां 69 लड़के व 53 लड़कियों ने जन्म लिया और लिंगानुपात 768 रहा। गांव बागोत की आबादी 5500 है। यहां 58 लड़के व 45 लड़कियों ने जन्म लिया और लिंगानुपात 776 रहा। गांव ककराला की आबादी 5153 है।

यहां 37 लड़के व 29 लड़कियों ने जन्म लिया और लिंगानुपात 784 रहा। शहरी क्षेत्र के गांव नसीबपुर की आबादी 3361 है। यहां 30 लड़के व 24 लड़कियां का जन्म हुआ और 800 लिंगानुपात रहा। अटेली के गांव सिलारपुर की आबादी 3240 है। यहां 20 लड़के व 16 लड़कियों ने जन्म लिया व लिंगानुपात 800 रहा। सतनाली की आबादी 5908 है। यहां 40 लड़के व 32 लड़कियों ने जन्म लिया व 800 लिंगानुपात रहा। इन सभी 14 गांवों में जागरूक अभियान चलाया जा रहा है।

**साल 2018 से अब तक का अगस्त तक यह रहा लिंगानुपात**

| माह | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जनवरी | 903 | 1046 | 799 | 859 | 874 | 842 |
| फरवरी | 862 | 892 | 895 | 1046 | 817 | 889 |
| मार्च | 903 | 942 | 919 | 881 | 918 | 890 |
| अप्रैल | 886 | 900 | 865 | 966 | 949 | 890 |
| मई | 791 | 1145 | 897 | 990 | 904 | 853 |
| जून | 945 | 945 | 960 | 888 | 837 | 988 |
| जुलाई | 900 | 967 | 949 | 799 | 899 | 814 |
| अगस्त | 866 | 860 | 948 | 824 | 942 | 833 |
| सितम्बर | 956 | 861 | 866 | 962 | 975 | 867 |
| अक्टूबर | 928 | 930 | 949 | 936 | 870 | 863 |
| नवंबर | 924 | 833 | 862 | 937 | 928 | 1005 |
| दिसम्बर | 892 | 942 | 957 | 841 | 944 | 940 |
| कुल | 898 | 916 | 902 | 904 | 907 | 887 |

## लिंग जांच करने व करवाने वालों पर पैनी नजर

सीएमओ डा. रमेशचंद्र आर्य ने बताया कि महेंद्रगढ़ जिला तीन ओर से राजस्थान सीमा से घिरा है। भ्रूण लिंग जांच करने वाले लोग वहां



बुलाते है और परिवार की रजामंदी से इस अवैध कार्य को अंजाम देते है। उनके पास पुख्ता सही मशीन भी नहीं होती। ऐसे कई केस हमने पकड़े है और कई ऐसे लोग या गिरोह हमारे रैडार पर भी है। अभिभावकों को जागरूक होना होगा कि लड़का व लड़की में कोई अंतर ना सकते। हम लिंगानुपात के इन आंकड़ों को सुधार करने के लिए हर प्रयास कर रहे है।

## म्हारी लाडो, म्हारी शान अभियान चला

लिंगानुपात के आंकड़े सामने आए तो प्रशासन सजग हुआ है। डीसी कार्यालय में एक बाक्स लगाया है, जिसमें लिंग जांच करने वाले चिकित्सक या करवाने वाले की जानकारी दे सकता है। उसका नाम गुप्त रखा जाएगा। वहीं प्रशासन ने म्हारी लाडो म्हारी शाम अभियान की भी शुरूआत की है। कुआं पूजन व गोद भराई रस्म करके जागरूक भी किया जा रहा है। सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है।

---

**खबर संक्षेप**

### कृष्णनगर कॉलेज का दीक्षांत समारोह 12 को

**नारनौल।** राजकीय कॉलेज कृष्णनगर में 12 मार्च को दीक्षांत समारोह व वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 2022-23 के दौरान सभी सेमेस्टरों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा सत्र 2023-24 में खेलकूद, एनएसएस, एनसीसी व कल्चरल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। करीब 350 पूर्व विद्यार्थियों को डिग्री वितरित की जाएगी।

### 17 से नौंवी निशान पद यात्रा का आयोजन

**कनीना।** श्रीश्याम मित्र मंडल की ओर से आगामी 17 मार्च को नौंवी निशान पद यात्रा का आयोजन किया जाएगा। प्रधान अनिल गुप्ता ने बताया कि सुबह नौ बजे श्याम मंदिर कनीना से हुडिया जैतपुर के लिए प्रारंभ होने वाली यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जत्थे में शामिल होने वाले श्याम भक्तों के लिए ध्वजा, भोजन एवं जाने-आने की व्यवस्था श्रीश्याम मित्र मंडल की ओर से की जाएगी।

### वरिष्ठ नागरिक संगठन की मासिक बैठक 10 को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन की मासिक बैठक 10 मार्च को सुबह किला रोड स्थित मिश्री देवी आश्रम में प्रधान दुलीचंद शर्मा की अध्यक्षता में होगी। महासचिव मुखराम सैनी ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के साथ शहर के ज्वलंत मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### राजकीय आईटीआई में जॉब मेला कल

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में छह मार्च को महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, चरखी दादरी व झज्जर जिले के आईटीआई पासशुदा छात्रों के लिए जॉब मेले का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के दिशा निर्देशानुसार छह मार्च को जॉब मेले का आयोजन किया जा रहा है।

---

## कनीना-दादरी मार्ग पर सेहलंग में डीटीपी की कार्रवाई

# 37 अवैध कब्जों पर चला बुल्डोजर नहीं काम आई 'नेताजी' से नजदीकी

**तोड़े गए अवैध निर्माणों में विधायक के नजदीकी नेताजी का मकान भी बताया जा रहा शामिल, एसडीएम ने 22 जनवरी को दिए थे आदेश**





कनीना। अवैध कब्जे को हटाती जेसीबी मशीन और मौके पर पहुंचे पैमाईश रिपोर्ट का निरीक्षण करते एसडीएम सुरेंद्र सिंह। फोटो:हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

कनीना-दादरी सड़क मार्ग पर गांव सेहलंग में सोमवार 37 जगह किए गए अवैध कब्जों पर प्रशासन का पंजा चला। इस बीच सिफारिशों का दौर शुरू हुआ। विधायक के नजदीकी समझे जाने वाले नेताजी का मकान भी इसमें शामिल था। बस फिर क्या था, इस प्रशासनिक कार्रवाई को स्थगित कर टीम वापिस लौट गई। यह देख ग्रामीण भड़क गए। ग्रामीणों का कहना था कि जब अवैध कब्जे हटाए जा रहे है तो सभी के हटे। सिफारिश से एक भी कब्जा नहीं हटा तो विरोध करेंगे। बड़ा मामला ना हो, यह सोच एक घंटे बाद फिर प्रशासनिक अमला पुलिस फोर्स के साथ पहुंचा और एक के बाद एक करके 37 जगह अवैध कब्जों को धराशाही किया गया।

आपको बताते चले कि कनीना-दादरी मार्ग पर गांव सेहलंग में ग्रामीणों की ओर से किए गए अवैध कब्जे को छुड़वाने के लिए तत्कालीन ग्राम पंचायत की ओर से मार्ग की पैमाईश करवाई गई थी। जिसमें करीब तीन दर्जन ग्रामीणों का अवैध कब्जा करना सामने आया। इन अवैध कब्जों को हटवाने के लिए सक्षम न्यायालय में विलेज कॉमन लैंड एक्ट-7 वाद दायर किया गया था। जिस परिवाद पर सुनवाई हुई। बीती 22 जनवरी को उपमंडलाधीश अदालत कनीना ने रास्ते से कब्जा खाली करने के आदेश पारित किए। ग्रामीणों ने स्वयं कब्जे हटवाने की मांग की थी। इसके बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया।

### जिस कोर्ट ने दिए कब्जा हटाने के आदेश, लॉ एंड आर्डर को बनाए रखने के लिए उसे ही मौके पर पहुंचना पड़ा, दोनों पक्षों को सुना

दिलचस्प बात है कि जिस कोर्ट ने पंचायत के 7-वीसीएल के परिवाद पर सुनवाई करते हुए रास्ता खाली करने का आदेश दिया था। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए उस कोर्ट को भी मौके पर पहुंचना पड़ा। सक्षम न्यायालय एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने ग्रामीणों तथा कब्जेधारियों की सुनी और कब्जा खाली करवाने की दिशा में कार्रवाई शुरू की।

### ग्रामीणों के विरोध से सिफारिश चलाने का प्रयास रहा असफल

अदालत के आदेश पर सोमवार को ड्यूटी मैजिस्टेट बीडीपीओ अरूण कुमार, कानूनगो औमप्रकाश यादव, पटवारी मनोज कुमार, थाना अध्यक्ष रामनाथ व पुलिस टीम इंचार्ज जयभगवान सहित अतिक्रमण हटाओ दस्ता पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचा। जिसे लेकर पहले तो काफी कशमकश रही लेकिन बाद में जेसीबी मशीन से पक्की तामीर तोड़ने का कार्य शुरू किया गया। यह देख ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। एक के बाद एक 37 ग्रामीणों द्वारा किए गए पक्के अतिक्रमण में विधायक के नजदीकी समझे जाने वाले नेताजी का मकान भी शामिल था। उनके द्वारा मिलाए गए राजनीतिक तार से कलेक्टर के मोबाईल फोनिक आदेश पर ड्यूटी मैजिस्टेट द्वारा कार्रवाई स्थगित कर दी। उसके बाद दस्ता वापिस लौट गया।


लेकिन ग्रामीणों ने विधायक के नजदीकी होने का हवाला देकर कब्जा न छुड़वाने संबंधी बातें कहकर विरोध शुरू कर दिया। उसके एक घंटे बाद डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल प्रशासनिक दस्ते के साथ मौके पर पहुंचे और पीला पंजा चलाना शुरू किया। ग्रामीणों ने प्रशासनिक दस्ते पर दबंगों के मकान पर कार्रवाई न करने तो कब्जाधारियों ने रंजिशन कार्रवाई करने के आरोप लगाए। ड्यूटी मैजिस्टेट की अगुवाई में की गई कब्जा कार्रवाई को देखते हुए ग्रामीणों ने स्वयं अपनी दीवारे तोड़नी शुरू कर दी।

### क्या कहते है एसडीएम

इस संबंध में एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अवैध कब्जेधारियों से रास्ता खाली करवाया जाएगा। गांवों में किए गए अवैध कब्जे हर हाल में खाली करवाएं जाएंगे।

---





नारनौल। बदोपुर में पाइपलाइन दबाकर लाया गया नहरी पानी व बदोपुर की कच्ची ड्रेन में चलता नहरी पानी। फोटो: हरिभूमि।

## दोचाना माइनर से बदोपुर की कच्ची ड्रेन में छोड़ा नहरी पानी

- नहरी पानी छोड़ने से आसपास के दर्जनों गांवों को होगा फायदा, भू-जल रिचार्ज में आएगा काम, बरसात के दिनों में लबालब भरेगी कच्ची ड्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

दोहान पच्चीसी के लोगों खासकर किसानों के लिए राहत भरी खबर है। सिंचाई विभाग ने दोचाना माइनर की टेल से हरियाणा के अंतिम गांव बदोपुर के पास कच्ची ड्रेन में नहरी पानी छुड़वा दिया है। कच्ची ड्रेन में छोड़े गए इस पानी से भू-जल रिचार्ज में फायदा मिलेगा तथा इससे बदोपुर एवं आसपास के हरियाणा के दर्जनों गांवों के साथ-साथ राजस्थान के सीमावर्ती ग्रामीणों को भी फायदा हो सकेगा।

दोहान पच्चीसी में हालांकि हमीदपुर बांध बना हुआ है, लेकिन इसके अलावा भी सिंचाई विभाग ने बदोपुर के पास कच्ची नहर में पानी चलाने का निर्णय लिया है। इसके लिए आवश्यक पाइपलाइन दबाई गई है तथा पानी की निकासी का भी प्रबंध किया गया है। दोचाना माइनर की टेल से पाइपलाइन के जरिए बदोपुर की कच्ची नहर में पानी पहुंचाया गया है। जब बरसात होगी, तब इस कच्ची नहर को भी पानी से भरा जा सकेगा। जिससे न केवल बदोपुर, बल्कि दौचाना, बलाहा कलां, बलाहा खुर्द व जादूपुर के ग्रामीणों को फायदा होगा, बल्कि इससे राजस्थान के गांव दलौता के ग्रामीणों का भी भला हो सकेगा। इस कच्ची नहर में पानी छोड़ने से आसपास के कुओं का जल स्तर ऊपर आने की संभावना है। इससे हरियाली क्षेत्र को भी बढ़ावा मिल सकेगा। फिलहाल सिंचाई विभाग ने इस चैनल को तैयार कर लिया है तथा इसका फिलहाल ट्रायल भी लिया जा रहा है। अब जब भी बरसात आएगी और फालतू पानी होगा, तब इस कच्ची नहर को पानी से लबालब भरा जा सकेगा।

### यह कहते हैं अधिकारी

सिंचाई विभाग के एसडीओ राजेश वर्मा ने बताया कि उपरोक्त पाइपलाइन दोचाना माइनर की टेल से हरियाणा-राजस्थान की सीमार पर हरियाणा के अंतिम गांव बदोपुर के पास कच्ची ड्रेन के माध्यम से बजरी की खदानों में पानी इक्ट्ठा किया जा रहा है। इस कार्य से गांव बदोपुर, दोचाना, बलाहा कलां, बलाहा खुर्द व जादूपुर के भूमिगत जल स्तर में अभूतपूर्व सुधार हो सकेगा। इससे राजस्थान के गांव दलौता में भी भूमिगत जल स्तर में सुधार होगा। इस कार्य से क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण बेहद खुश हैं।

### इन गांवों के जोहड़ों में भी छोड़ा गया नहरी पानी

गर्मी के सीजन में मवेशियों को मद्देनजर रखते हुए सूखाग्रस्त नांगल चौधरी खंड के गांवों के जोहड़ों का भरने का निर्णय सिंचाई विभाग द्वारा किया गया है। इस कड़ी में गांव सरेली, इस्लामपुरा, नारेड़ी, नया गांव, रोपड़ सराय, पांचनौता, गांवड़ी जाट एवं बांयल के जोहड़ों में नहरी पानी छोड़ा गया है। गांव मूसनौता के जोहड़ में भी 15 मार्च से 17 मार्च तक पानी छोड़ा जाना है, लेकिन वहां होदियों में गाद भरी हुई है, जिनकी सफाई करवानी आवश्यक है। एक मार्च से मौखूता के जोहड़ में पानी छोड़ा जा चुका है तथा वर्तमान में बामनवास के जोहड़ में पानी चल रहा है। इसी प्रकार 5 पांच मार्च से निजामपुर, नांपला, पवेरा, दनचौली तथा धानौता के जोहड़ों में 15 मार्च तक नहरी पानी छोड़ा जाएगा।

---

**गांवों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए लिया निर्णय**

## अब पंचायत भी कर सकेंगी खेली नर्सरी के लिए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

प्रदेश सरकार की ओर से इस बार खेल नर्सरियों को खोलने को लेकर बड़ा बदलाव किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए इस बार ग्राम पंचायतों की ओर से आवेदन मांगे गए हैं। 15 मार्च तक खेल नर्सरी के लिए आवेदन किया जा सकता है। इस बार ऑफलाईन की बजाय ऑनलाईन आवेदन करना होगा। पहले निजी व सरकारी तौर पर ही खेल नर्सरियां चलती थी, लेकिन अब ग्राम पंचायतें भी खेल नर्सरी के लिए आवेदन कर सकती हैं। सरकार ने खेल नर्सरियों के लिए अब ग्राम पंचायतों से आवेदन मांगे गए हैं। सरकार का मानना है कि अगर गांव में खेल नर्सरियां खुलेगी तो ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेलों को बढ़ावा मिलेगा। खेल विभाग ने इस बार खेल नर्सरियों के आवेदन के लिए ऑफलाइन के बजाय इसे ऑनलाइन कर दिया हैं। ताकि किसी भी प्रकार का भेदभाव भी न दिखे। इसके अलावा सही प्रकार की शिक्षण संस्थाएं, निजी संस्थाएं व ग्राम पंचायतें भी आगे आ सकें।

### 15 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन

खेल नर्सरियों के लिए 15 मार्च तक आवेदन प्रक्रिया चलेगी। जिसके बाद खेल विभाग संस्थान व ग्राम पंचायत का निरीक्षण करने के बाद आबंटित की जाएगी। बजट में सरकार ने प्रदेश में खेल नर्सरियां बढ़ाने की घोषणा की थी। नर्सरियों में अधिकतम 25 व न्यूनतम 20 खिलाड़ी अनिवार्य है। साथ ही खिलाड़ियों के लिए सभी प्रकार की खेल सुविधाएं व खेल का सामान भी जरूरी है। खिलाड़ियों को इन खेल नर्सरियों में अभ्यास के लिए खुराक भत्ता भी दिया जाएगा। खिलाड़ियों का फीडबैक भी लिया जाएगा और उनके परिजनों को भी हर माह आयोजित बैठक में बुलाया जाएगा।

### ऑनलाइन करने होंगे आवेदन

जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि इस बार खेल नर्सरी के ग्राम पंचायत भी आवेदन कर सकती हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र में छुपी प्रतिभा निकलकर सामने आएंगी। खेल नर्सरी के लिए विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 15 मार्च तक आवेदन प्रक्रिया चलेगी।

---

## मोटर दुर्घटना ट्रिब्यूनल मामलों के निपटारे को प्री-लोक अदालत आज

**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नौ मार्च को सुबह 10 बजे सभी प्रकार के मामलों के निपटारों के लिए कोर्ट परिसर नारनौल में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व पांच मार्च को दोपहर 1.30 बजे मोटर दुर्घटना ट्रिब्यूनल मामलों के निपटारे के लिए प्री-लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता ने बताया कि पांच मार्च को कोर्ट परिसर नारनौल में रिलायंस जनरल इंश्योरेंश कंपनी, आईसीआईसीआई लांबार्ड जनरल इंश्योरेंश कंपनी, भारत एक्सा जनरल इंश्योरेंस कंपनी (नाव मर्जड विद आईसीआईसीआई लांबार्ड जनरल इंश्योरेंश कंपनी), इफ्को टोकियो जनरल इंश्योरेंश कंपनी व अन्य इंश्योरेंस कंपनी से संबंधित मामलों की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र प्रसाद व अधिवक्ता सुधीर कुमार की बैंच द्वारा की जाएगी। जिसमें जिला एवं सत्र न्यायालयों के न्यायाधीश भी मामलों की सुनवाई करेंगी। लोक अदालत में आपसी सहमति से मामलो का निपटारा किया जाता है तथा लोक अदालत में निपटाए गए मामलों को किसी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। इससे न केवल धन व समय की बर्बादी रूकती है, बल्कि तत्काल न्याय मिलना भी सुनिश्चित होता है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

---

**आठ मार्च को गांव बागोत में लगेगा मेला**

# मंदिर में लगेगा शिवभक्तों का तांता

- सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन एवं मेला कमेटी की ओर से किए जा रहे कड़े प्रबंध
- बाघेश्वर धाम पर साल में दो बार किया लगता है मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

महाशिवरात्रि के अवसर पर आठ मार्च को आयोजित होने वाले विशाल मेले में शिवभक्तों का तांता लगने की संभावना है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन, मेला व मंदिर कमेटी की ओर से इंतजाम किए जा रहे हैं।

बाघेश्वर धाम बागोत में श्रद्धालुओं द्वारा उपवास रखकर प्राकृतिक स्वयंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक किया जाएगा। प्रदेशभर में प्रसिद्ध इस मेले को लेकर मंदिर के महंत रोशनपुरी की ओर से गर्भ गृह में सीसीटीवी कैमरे दुरूस्त करवाए गए हैं। शिवभक्तों को नियंत्रित करने के लिए रेलिंग लगाने का कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत की ओर से मेला क्षेत्र की सफाई करवाई जा रही है। कमेटी के वरिष्ठ सदस्य महिपाल नम्बरदर ने बताया कि हरिद्वार से शिवभक्तों का जत्था पद यात्रा कर कांवड ला रहा है जिसका महाशिवरात्रि के अवसर पर जलाभिषेक किया जाएगा।



कनीना। बागोत में स्थित शिवमंदिर।

### सावन में कावड़ मेला

मंदिर के महंत रोशन पुरी ने बताया कि बाघेश्वर धाम पर वर्ष में दो बार मेला लगता है। फाल्गुन मास की त्रयोदशी को महाशिवरात्री तथा सावन माह में त्रयोदशी को कांवड़ मेला शामिल है। सावन मास में यह मेला पखवाड़ेभर चलता है जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से शिवभक्त पहुंते हैं। मेले में ग्राम पंचायत व मेला कमेटी के अलावा प्रशासन का भी सहयोग रहता है। मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कनीना सदर थाना इंचार्ज रामनाथ ने बताया कि मेले में सुरक्षा के उचित इंतजाम किए जाएंगें। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अस्थाई रूप से पुलिस चौकी का संचालन किया जाएगा, जिसमें पर्याप्त संख्या में महिला एवं पुरूष पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी।

### राधेदास आश्रम में विशाल भंडारा कल

**कनीना।** फाल्गुन बदी एकादशी 6 मार्च बुधवार को कनीना के प्रसिद्ध संत राधेदास महाराज की नौवीं स्मृति में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। ब्रह्मलीन बाबा राधेदास आश्रम के संचालक बाबा राजेशदास ने बताया कि पांच मार्च की रात्री को जागरण होगा, जिसमें झगडु एवं उसकी टीम द्वारा धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। छह मार्च को सुबह सवा नौ बजे हवन किया जाएगा। जिसमें प्रबुधजनों द्वारा मंगलाहुति डाली जाएगी। उसके बाद भंडारा प्रारंभ होगा, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

---


## छह करोड़ में जगमग होगा नांगल चौधरी, लगेंगी 3400 स्ट्रीट लाइट

- प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के साथ ही 6.25 करोड़ में से 4.69 करोड़ की राशि जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा सरकार ने नांगल चौधरी नगर पालिका क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना को अपनी मंजूरी दे दी है। इस काम के लिए 3400 स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए 6.25 करोड़ रुपये की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति जारी करते हुए 4.69 करोड़ रुपये की राशि अलॉट भी कर दी गई है।

नांगल चौधरी विधायक डा. अभयसिंह यादव ने इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका में सीवरेज और सड़कों की व्यवस्था होने के उपरांत शहर वासियों की पूरे शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने की माँग प्रायः आती रहती थी। इस काम के लिए नगर पालिका द्वारा सर्वे उपरांत एस्टिमेट तैयार करवा कर सरकार को भेजे गए थे जिनको मंजूर करते हुए सरकार ने यह राशि जारी की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से नगर पालिका क्षेत्र में परिवर्तित हुआ यह शहर विकास की प्रारंभिक अवस्था से गुजर कर अब विकसित क्षेत्र में परिवर्तित हो रहा है। शहर के मुख्य आबादी क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था की स्थापना पहले ही कर दी गई है और अब जल शोधन के लिए प्लांट भी निर्माणाधीन है जिसके अगले दो महीने में पूरा होने की संभावना है। अब नांगल चौधरी नगरपालिका क्षेत्र में आने वाली ढाणियों समेत स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था होने के उपरांत एक नए स्वरूप का मार्ग प्रशस्त होगा।



डा. अभय सिंह यादव

शीघ्र ही शहर के मुख्य सड़कों पर शहर से बाहर प्रवेश द्वारों का भी निर्माण क्रिया जाएगा, जिसके लिए टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। इसी प्रकार नदी के साथ साथ बाहरी क्षेत्र को जोड़ने वाली सीमेंट की सड़क के निर्माण की टेंडर प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है और इसके उपरांत उक्त सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। शहर के पीने के पानी की आपूर्ति में सुधार के लिए शहर में दो अतिरिक्त बुस्टिग स्टेशन का निर्माण भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। इस प्रकार से शहरवासियों की सभी कठिनाइयों को दूर करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और समस्त नांगल चौधरी क्षेत्र को विकास की राह पर आगे बढ़ाया जा रहा है।